# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बन्धौआ रोड फौजी कॉलोनी मसेनी निकट विकास मैरिज लॉन,
फतेहगढ़ फर्रुखाबाद--209601
Email ID- ceupjnrfarrukhabad@gmail.com

पत्रांक 5894 / कार्य-9 / 187 दिनांक 7-9-26

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः–ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर ''मोहनपुर दीनापुर में पाइपलाइन बिछाने के बाद मरम्मत नही, बारिश में जलभराव से लोग चोटिल'' के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर के अंक में प्रकाशित खबर **''मोहनपुर दीनापुर में पाइपलाइन बिछाने के बाद मरम्मत नही, बारिश में जलभराव से लोग चोटिल''** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि ग्राम मोहनपुर दीनापुर विकासखण्ड–कमालगंज के निर्माण कार्यो को जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–03 के अन्तर्गत मै0 वी0टी0एल0 गजा द्वारा कराया जा रहा है। वर्तमान में योजनान्तर्गत उच्च जलाशय एवं पम्प हाउस का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं 1232 नग प्रस्तावित गृहजलसंयोजन के सापेक्ष 1538 नग गृहजलसंयोजन दिये गये है।योजना में वितरण प्रणाली बिछाने हेतु प्रस्तावित 7888.51 Sqm. रोड को डिस्मेंटल किया जाना था जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 5434.80 Sqm. रोड मरम्मत का कार्य पूर्ण करा दिया गया है जबकि योजना में 2453.71 Sqm. रोड मरम्मत का कार्य अवशेष है। जिसको पूर्ण कराने हेतु कार्यरत फर्म द्वारा अपने पत्रांक VTL-Gaja(JV)/PH-3/FD/532 दिनांक 03.09.2026 के माध्यम से 07 दिवसों में पूर्ण करने हेतु आश्वासन पत्र दिया गया है।

आख्या सादर प्रेषित।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार ।

भवदीय,

(मो0 कासिम हाशमी)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि–

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।


अधिशासीं अभियन्ता

d/letter EE 6

Scanned with OKEN Scanner

# कमालगंज में जल जीवन मिशन की खोदी सड़कें बनीं हादसों: मोहनपुर दिनारपुर में पाइपलाइन बिछाने के बाद मरम्मत नहीं, बारिश में जलभराव से लोग चोटिल।

अवनीश कुमार | राजेपुर सरायमेदा(सदर), फर्रुखाबाद
5 दिन पहले



कमालगंज ब्लॉक के मोहनपुर दिनारपुर गांव में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी गई थीं। काम पूरा होने के बाद इन सड़कों की मरम्मत नहीं की गई है। इस वजह से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। बारिश के कारण इन खोदी हुई सड़कों पर पानी भर गया है। पानी भरने से गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे हादसे हो रहे हैं। बाइक, ई-रिक्शा और दूसरे छोटे वाहन अक्सर इन गड्ढों में फंसकर पलट जाते हैं। कई लोग इन हादसों में गिरकर घायल हो चुके हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भी आने-जाने में बहुत दिक्कत होती है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभाग से शिकायत की है, लेकिन अभी तक सड़क की मरम्मत नहीं हुई। बारिश के मौसम में हालात और खराब हो गए हैं। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सड़क ठीक कराने की मांग की है, ताकि हादसों को रोका जा सके। ग्रामीण राजेश कुमार ने बताया कि जल निगम ने पाइपलाइन डालने के बाद सड़क को ठीक से नहीं बनाया। बारिश में गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे आए दिन वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभाग को तुरंत सड़क की मरम्मत करानी चाहिए। जल निगम के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) अजय कुमार ने कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं था। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अगर कहीं पाइपलाइन के काम के बाद सड़क खराब हुई है और पानी भर रहा है, तो टीम को मौके पर भेजकर जांच कराई जाएगी और जरूरी मरम्मत करवाई जाएगी।

Scanned with OKEN Scanner